प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- पेरिस ओलिम्पिक में अयोग्य घोषित किये जाने के बाद विनेश फोगाट ने की कुश्ती से सन्यास लेने की घोषणा।
- राज्य सरकार ने लिया फैसला– ईडी–सीबीआई और अन्य केन्द्रीय एजेंसियों को जांच से पहले लेनी होगी अनुमति।
- टेरर फंडिंग मामले में एनआईए ने राज्य में की बड़ी कार्रवाई, खूंटी में उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के ठिकानों पर की छापेमारी, कई दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त।
- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने राज्य में हो रही आपराधिक घटनाओं और विधि व्यवस्था पर जतायी चिंता, डीजीपी को अपराध पर अंकुश लगाने की दी हिदायत।
- राज्य में मानसून सक्रिय, मौसम विभाग ने 11 अगस्त तक अच्छी बारिश का जताया पूर्वानुमान। रांची, पलामू और चतरा समेत कई जिलों में आज भी बारिश की संभावना।

****

विनेश फोगाट ने पेरिस ओलिम्पिक में कुश्ती के फाइनल मुकाबले में वजन बढ़ने के कारण कल अयोग्य घोषित किये जाने के बाद खेल से सन्यास लेने की घोषणा कर दी है। विनेश फोगाट स्वर्ण पदक के पचास किलोग्राम वर्ग में खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले से पहले करीब सौ ग्राम भार अधिक होने के कारण अयोग्य घोषित कर दी गईं थी।

****

अब इडी, सीबीआई और अन्य केन्द्रीय जांच एजेंसियों को झारखंड सरकार के किसी अधिकारी या मंत्री–विधायक के खिलाफ जांच करने से पहले राज्य सरकार की अनुमति लेनी होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गयी। बैठक के बाद मंत्रिमंडलीय सचिव वंदना डांडेल ने मंत्रिपरिषद के फैसलों की जानकारी दी।

****

राज्य मंत्रिपरिषद ने पारंपरिक ग्राम प्रधानों को दी जाने वाली सम्मान राशि बढ़ाकर दोगुनी करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। मंत्रिपरिषद ने कृषि ऋण माफी योजना में 50 हजार की जगह अब दो लाख तक ऋण माफ करने की भी स्वीकृति दी है। राज्य की कृषि मंत्री दीपिका पांडेय ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

****

कैबिनेट की बैठक के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार के ये निर्णय राज्य के लिए मील के पत्थर साबित होंगे।

****

राष्ट्रीय जांच एजेंसी–एनआईए ने टेरर फंडिंग मामले में उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के दो संदिग्धों के ठिकानों पर खूंटी में छापेमारी की। इस दौरान एनआईए ने कई आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किये हैं। यह छापेमारी पीएलएफआई कमांडर दिनेश गोप से जुड़े मामले में की गयी है।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि राज्य हो रही आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अधिकारियों को प्रभावी कदम उठाना चाहिए। इस बीच राज्य के मुख्य सचिव एल ख्यांगते और डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की और कानून व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्यन को लेकर उठाये जा रहे कदमों की उन्हें जानकारी दी।

****

जमशेदपुर के टाटा स्टील ज्यूलॉजिकल पार्क में एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत चार तेंदुए लाया जाएगे। इसकी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

****

मौसम विभाग ने राज्य में अगले तीन दिनों तक मानसून के सक्रिय रहेगा। रांची स्थित मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने कहा कि झारखंड और पश्चिम बंगाल के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन अब भी कायम है। इस कारण राज्य में 11 अगस्त तक अच्छी बारिश हो सकती है।

****

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित प्रमुख अखबारों ने पेरिस ओलंपिक से विनेश फोगाट को अयोग्य घोषित किये जाने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– प्रिय विनेश...भारत का गोल्ड तुम ही।

प्रभात खबर के शब्द हैं– टूटा 140 करोड़ भारतीयों का गोल्डेन ड्रीम।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– दुर्भाग्यः विनेश के बढ़े वजन ने दी मात।

दैनिक जागरण लिखता है– 100 ग्राम से चूकीं विनेश।

रांची एक्सप्रेस ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– पौधे लगाने के साथ उसे बचाने के अभियान का भी हिस्सा बनें।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने भी विनेश फोगाट के ओलंपिक से अयोग्य घोषित करने की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

<u>*******************</u>